आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 175 | हापुड़, शनिवार 11 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## भू माफिया को देर सवेर खाली करनी ही होगी जमीन - सीएम योगी

महाकुम्भनगर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला और आज प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने चेतावानी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ। कमला बहुगुणा के संघर्ष को किया याद मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। 8 साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित भी किया। जब उन्होंने घर में अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह



पिटाई की आदत डालनी होगी। तभी अंग्रेजों से हम अपने देश को आजादी दिला पाएंगे। 1954 में ही बहुगुणा ने शिविर की शुरुआत की सीएम योगी ने बताया कि 2019 के महाकुम्भ के दौरान एक शिविर में पहुंचे। वहां पता चला कि कमला बहुगुणा ने 1954 में ही एक शिविर की शुरुआत की थी, जो आज भी संचालित होता है। यहां खोया-पाया के साथ ही कई प्रकार से श्रद्धालुओं की मदद की जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने बहुगुणा परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा, हेमवती नंदन बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर रहते हुए भी कभी भौतिक संपत्ति की चाह नहीं की। वे यहीं प्रयाग में किराए के मकान में रहते थे, जबकि वे आसपास के सभी घर खरीद सकते थे। उनकी यही विशेषता बहुगुणा परिवार को यादगार बनाए रखेगी। जो भाव अयोध्या के लिए, वही भाव लोगों के अंतर्मन में आज महाकुम्भ के लिए सीएम योगी ने महाकुम्भ के आयोजन के महत्व पर भी जोर दिया। सीएम ने कहा कि लोगों के अंतर्मन में जो भाव अयोध्या के लिए था, वही भाव आज महाकुम्भ के लिए भी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रयाग एक पवित्र स्थान है, जहां न केवल मनुष्य, बल्कि पवित्र आत्माएं भी पहुंचती हैं। यही कारण है कि स्वच्छ प्रयाग की कल्पना को साकार करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने भी कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे विदेश में थे। वहीं पर महाकुम्भ के जरिए यूपी की बदलती तस्वीर की खबरें आने लगीं। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास की खबरें देश दुनिया में पहुंच रही हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मंच का संचालन किया।

## मैं कोई देवता नहीं, मुझसे भी गलतियां होती हैं- पीएम मोदी का पहला पॉडकास्ट

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो में कई मुद्दों पर खुलकर बात की। पॉडकास्ट की शुरुआत में निखिल कामथ ने पीएम मोदी से कहा कि मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है। इस पर पीएम मोदी मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा। पीएम ने कहा कि उनके जीवन का मंत्र यह है कि कभी भी बुरी नीयत से कोई गलत काम न करें। पीएम ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मैंने एक भाषण दिया, जिसमें मैंने कहा, मैं कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटूंगा और मैं अपने लिए कुछ नहीं करूंगा। मैं इंसान हूं जो गलतियां कर सकता हूं, लेकिन मैं कभी भी बुरे इरादे से कुछ गलत नहीं करूंगा। यह मेरे जीवन का मंत्र है। आखिरकार, मैं एक इंसान हूं, कोई भगवान नहीं। हमेशा राष्ट्र को सबसे पहले रखना चाहिए पीएम मोदी ने निखिल कामथ द्वारा होस्ट किए गए पॉडकास्ट में कहा गांधी और सावरकर के रास्ते अलग-अलग थे, लेकिन उनकी विचारधारा स्वतंत्रता थी। आदर्शवाद विचारधारा से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है। विचारधारा के बिना राजनीति नहीं हो सकती। हालांकि, आदर्शवाद बहुत ज़रूरी है। आज़ादी से पहले, (स्वतंत्रता सेनानियों की) विचारधारा आज़ादी थी। गांधी का रास्ता अलग था, लेकिन विचारधारा आज़ादी थी। सावरकर ने अपना रास्ता चुना, लेकिन उनकी विचारधारा आज़ादी थी। अपनी विचारधारा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमेशा



राष्ट्र को सबसे पहले रखना चाहिए। हमेशा नेशन फर्स्ट मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी सुविधानुसार अपना रुख बदल ले। मैं सिर्फ़ एक ही विचारधारा में विश्वास करते हुए बड़ा हुआ हूं। अगर मुझे अपनी विचारधारा को कुछ शब्दों में बताना हो तो मैं कहूंगा, नेशन फर्स्ट. नेशन फर्स्ट टैगलाइन में जो भी चीज फिट बैठती है, वह मुझे विचारधारा और परंपरा की बेड़ियों में नहीं बांधती। इसने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं पुरानी चीजों को छोड़कर नई चीजों को अपनाने के लिए तैयार हूं। हालांकि, शर्त हमेशा नेशन फर्स्ट की होती है। पीएम ने कहा कि मैं एक सामान्य विद्यार्थी था। मेरे एक टीचर थे, जो मेरे प्रति बहुत स्नेह रखते थे। एक दिन मेरे पिताजी को कह रहे थे कि इसके अंदर टेलेंट है, इसपर कोई ध्यान नहीं देता। हर चीज जल्दी ग्रैब करता है। मेरी इच्छा था कि मैं अपने टीचर्स का सार्वजनिक तौर पर सम्मान करूंगी। मैंने सबको ढूंढा और सबका सार्वजनिक सम्मान किया। राज्यपाल भी इसमें आए। मेरे मन में था कि मैं जो कुछ भी हूं, इनका भी योगदान है, मुझे बनाने में। मैंने 30-32 टीचर्स को बुलाया और उनका सम्मान किया। मेरे जीवन के अच्छे पल थे वो। पीएम ने दोस्तों को किया याद अपने दोस्तों पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैंने छोटी उम्र में घर छोड़ दिया था। घर ही नहीं सबकुछ छोड़ दिया। किसी से जुड़ा नहीं था। लेकिन मैं जब सीएम बना मेरे मन में इच्छा जगी कि क्लास के दोस्तों को सीएम हाउस बुलाओ। मैं नहीं चाहता था कि वो ये समझे कि मैं कोई तीस मारखा हूं। मेरे में कोई बदलाव नहीं आया, उस पल को मैं जीना चाहता था। मैंने सबको बुलाया था। रात को बहुत खानावाना खाया गपशप मारी, लेकिन मुझे बहुत आनंद नहीं आया। क्योंकि मैं दोस्त खोज रहा था। लेकिन उनको मुख्यमंत्री नजर आ रहा था। मेरे जीवन में कोई तू कहने वाला बचा ही नहीं। संपर्क में अभी भी हैं लेकिन वो बड़े सम्मान से देखते हैं। राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए पीएम मोदी ने कहा कि एक तो राजनीति में आना दूसरा सफल होना। उसके लिए जनता से कमिटमेंट होनी चाहिए। जनता के सुख-दुख के साथी होने चाहिए। अच्छा टीम प्लेयर होना चाहिए। भाषण से ज्यादा जरूरी भी मैं कम्यूनिकेट करना जरूरी है। देश को 1 लाख ऐसे नौजवानों की जरूरत है जो राजनीति में आए। लेना, पाना बनना यदि ये मकसद है। उसका समय बहुत लंबा नहीं है राजनीति में। बातचीत के दौरान कामथ ने अपना अनुभव भी शेयर कयिा कि जब वह बड़े हो रहे थे, तो राजनीत‍ि को नकारात्महक ढंग से देखा जाता था, आप इसे कैसे देखते हैं। पीएम मोदी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, अगर आपको अपनी कही गई बातों पर विश्वास होता, तो हम यह बातचीत नहीं कर रहे होते।

## पी. जयचंद्रन की भावपूर्ण प्रस्तुतियां आने वाली पीढ़ियों के दिलों को छूती रहेंगी- प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रसिद्ध पार्श्वगायक पी. जयचंद्रन के निधन पर शोक जताया और कहा कि उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियां आने वाली पीढ़ियों के दिलों को छूती रहेंगी। जयचंद्रन का 80 वर्ष की आयु में बृहस्पतिवार को केरल के त्रिशूर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पी. जयचंद्रन जी उत्कृष्ट आवाज के धनी थे, जिन्होंने भावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को व्यक्त किया। विभिन्न भाषाओं में उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियां आने वाली पीढ़ियों के दिलों को छूती रहेंगी।'' उन्होंने कहा, ''उनके निधन से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।'' जयचंद्रन ने मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में 16 हजार से अधिक गीत गाये हैं और प्रेम, लालसा एवं भक्ति भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त करने वाली भावपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए उन्हें 'भाव गायकन' कहा जाता था। सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और केरल सरकार के जे. सी. डैनियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्होंने पांच बार केरल राज्य फिल्म पुरस्कार और दो बार तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार जीता। फिल्म श्री नारायण गुरु में 'शिव शंकर शरण सर्व विभो' की प्रस्तुति के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

## हिंदी राष्ट्र भाषा नहीं, बल्कि राजभाषा है - पूर्व क्रिकेटर अश्विन

चेन्नई । पूर्व क्रिकेटर आर. अश्विन ने कहा है कि हिंदी देश की राष्ट्र भाषा नहीं, बल्कि केवल राज भाषा है। उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां एक निजी कॉलेज के दीक्षांत समारोह के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जहां उन्होंने छात्रों से पूछा कि वे किस भाषा में उनसे बात करना चाहेंगे। कुछ ने अंग्रेजी को प्राथमिकता दी और जब उन्होंने तमिल में संबोधित करने का विकल्प दिया, तो इसका भरपूर समर्थन किया गया, लेकिन हिंदी के लिए कोई भी तैयार नहीं हुआ। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने कहा, हिंदीज्कोई प्रतिक्रिया नहीं। मेरा मानना है कि यह (हिंदी) हमारी राष्ट्र भाषा नहीं, बल्कि राज भाषा है।

## आठ वर्षीय लड़के के एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि; मामलों की संख्या बढ़कर तीन हुई

हिम्मतनगर । गुजरात के साबरकांठा जिले में आठ वर्षीय एक लड़के के 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है एचएमपीवी मामलों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी। प्रांतिज तालुका के खेतिहर मजदूर परिवार से ताल्लुक रखने वाला यह लड़का एक निजी प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण में एचएमपीवी से संक्रमित पाया गया था, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि के लिए उसके रक्त के नमूने एक सरकारी प्रयोगशाला भेजे थे। बच्चा वर्तमान में हिम्मतनगर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। इस मामले को अब तक संदिग्ध एचएमपीवी मामला माना जा रहा था। साबरकांठा जिलाधिकारी रतनकंवर ने कहा सरकारी प्रयोगशाला ने शुक्रवार को पुष्टि की कि लड़का एचएमपीवी से संक्रमित है। फिलहाल उसका इलाज हो रहा है और उसकी हालत स्थिर है।''अस्पताल के डॉक्टरों ने संवाददाताओं को बताया कि लड़का वेंटिलेटर पर है। गुजरात में एचएमपीवी का पहला मामला 6 जनवरी को तब दर्ज किया गया था जब राजस्थान से संबंध रखने वाला दो महीने का एक शिशु इस बीमारी से पीड़ित पाया गया। उसे बुखार, नाक बंद होना, नाक बहना और खांसी जैसे लक्षण थे। यहां एक अस्पताल में इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बृहस्पतिवार को अहमदाबाद शहर में 80 वर्षीय एक व्यक्ति के संबंधित वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। अस्थमा से पीड़ित मरीज फिलहाल एक निजी अस्पताल में भर्ती है।

## स्वामी चक्रपाणि ने की अरविंद केजरीवाल से मुलाकात

नई दिल्ली, । अक्सर आपने देखा होगा या सुना होगा कि चुनावों के दौरान नेता और पार्टियां जनता से कई वादे करती हैं, लेकिन इसके साथ ही जनता की भी कई मांगें होती हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक महत्वपूर्ण मांग सामने आई है, जिसमें दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने की बात की जा रही है। यह मांग आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से की गई है। स्वामी चक्रपाणि का प्रस्ताव संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने हाल ही में अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने दिल्ली के प्राचीन नाम इंद्रप्रस्थ को वापस लाने का प्रस्ताव रखा। चक्रपाणि महाराज ने अपने एक्स हैंडल पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि उन्होंने पुजारियों के वेतन और मंदिरों के बिजली बिल माफ करने की भी मांग की। केजरीवाल की योजनाएं अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में पुजारियों और ग्रंथियों के लिए सम्मान राशि योजना की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी, तो पुजारियों और ग्रंथियों को मासिक 18 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इस घोषणा के बाद केजरीवाल ने कई संतों से मुलाकात की है और पार्टी ने सनातन सेवा समिति का गठन भी किया है। चुनाव की तारीखें दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे और 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। पिछले दो चुनावों में प्रचंड बहुमत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी ने इस बार भी कई बड़े वादे किए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये मांगें और वादे चुनाव परिणामों पर क्या प्रभाव डालते हैं।

## मोदी के प्रचार की भेंट चढ़ी प्रतिभावान बच्चों की छात्रवृत्ति- प्रियंका गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रतिभाओं की खोज के लिए दशकों से दी जाने वाली छात्रवृत्ति तीन साल सें बंद है, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रचार प्रसार के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जा रही है।
सुश्री वाड्रा ने कहा कि 60 साल से यह छात्रवृत्ति दी जा रही है लेकिन पिछले तीन साल से इसकी 40 करोड़ की राशि रोकी गई है, जबकि श्री मोदी के प्रचार पर इससे कहीं अधिक राशि खर्च की गई है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, प्रगति के विजन पर प्रधानमंत्री जी का



पीआर हावी है। वर्ष 1963 में शुरू हुई राष्ट्रीय प्रतिभा शोध परीक्षा छात्रवृत्ति से तमाम बच्चों के भविष्य का रास्ता बना, वे देश की प्रगति के भागीदार बने, उनके लिए अच्छी शिक्षा के द्वार खुले। उन्होंने कहा, टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले तीन सालों से इस छात्रवृत्ति को रोक दिया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री जी के निजी प्रचार के लिए परीक्षा पर चर्चा जारी है। तीन सालों में स्कॉलरशिप पर 40 करोड़ खर्च होते, जबकि प्रचार पर 62 करोड़ खर्च किए गए। छात्रवृत्ति बंद होने से लाखों युवाओं के उज्जवल भविष्य का रास्ता बंद हो गया, लेकिन प्रधानमंत्री जी का पीआर बंद नहीं हुआ।

## भाजपा सबसे ज्यादा गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी को बनाने जा रही मुख्यमंत्री का चेहरा- आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर आप और बीजेपी एक दूसरे पर जमकर हमलावर है। चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही राजनीति उफान पर है। इस बीच सीएम आतिशी ने दावा किया है कि बीजेपी रमेश बिधूड़ी को सीएम का चेहरा बनाने जा रही है। आतिशी ने कहा उन्हें उनके सूत्रों के जरिए यह जानकारी मिली है। सीएम आतिशी ने आगे कहा आज दिल्ली के गली-मौहल्ले में एक ही सवाल पूछा जा रहा है। गाली-गलौज पार्टी का सीएम चेहरा कौन है? आतिशी ने कहा दिल्ली के लोगों को पता है कि आप पार्टी को वोट दिया तो उनका सीएम कौन होगा? आतिशी




ने आगे कहा आज बीजेपी की कोर कमेटी की मीटिंग चल रही है। आज शाम को बीजेपी की संसदीय बोर्ड की भी मीटिंग है। मुझे सूत्रों से पता चला है कि उन्होंने पार्टी में सबसे ज्यादा गाली-गलौज करने वाले नेता रमेश बिधूड़ी को सीएम चेहरा घोषित करने का फैसला किया है। सीएम यहीं नहीं रुकीं उन्होंने आगे कहा, कल शायद उनके उम्मीदवारों की घोषणा होगी। उसके तुरंत बाद गाली-गलौज पार्टी घोषणा करने वाली है कि उनके सबसे ज्यादा गाली-गलौज करने वाले नेता सीएम फेस होंगे।
अगर बीजेपी के लोगों ने कमल का बटन दबाया तो उनको सीएम के तौर पर बिधूड़ी मिलने वाले हैं। बीजेपी पर तंज कसते हुए आतिशी ने कहा जो सबसे ज्यादा गाली गलौज करता है, वह इस पार्टी में सबसे ज्यादा तेजी से आगे बढ़ता है।
बता दें कि प्रदेश की 70 सीटों पर 5फरवरी को चुनाव होना है, वहीं 8 फरवरी को नतीजे घोषित होंगे।

## दिल्ली में छाया घना कोहरा, 100 से अधिक उड़ानों में विलंब

नई दिल्ली । दिल्ली में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाये रहने के कारण दृश्यता शून्य हो गई, जिससे हवाई और रेल परिचालन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानें विलंबित हैं और 26 ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय समयानुसार तड़के साढ़े चार बजे से पालम में दृश्यता शून्य है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सफदरजंग में सुबह साढ़े पांच बजे से घने कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर तक रही। इस बीच दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 408 रहा, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम वैज्ञानिकों ने दिन में बहुत घना कोहरा रहने तथा अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान व्यक्त किया है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## योगी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ किया भोजन, भेंट किए उपहार

महाकुम्भ नगर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के पहले दिन साधु संतों के साथ रात्रि भोज किया और उन्हें उपहार भी भेंट किया। इस रात्रि भोज में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा के पूज्य संत उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित इस भोज के बाद सभी संतों को उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी संतों का भोज में सम्मिलित होने के लिए आभार भी जताया। इस अवसर पर सभी साधु संतों ने सीएम योगी को धन्यवाद दिया और महाकुम्भ के सकुशल और भव्य संपन्न होने की कामना की। प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित रेडियो ट्रेनिंग



हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आयोजित इस रात्रि भोज कार्यक्रम में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा समेत प्रयागवाल के कुल 20 साधु संत सम्मिलित हुए। इनमें जूना, निरंजनी, उदासीन बड़ा, निर्मल, तीनों वैष्णव अखाड़े (निर्मोही, दिगंबर, निर्वाणी), अग्नि, आवाहन, अटल, आनंद, निरंजनी अखाड़े के पूज्य संत शामिल रहे। खाकचौक से महामंडलेश्वर संतोष दास (सतुआ बाबा) भी उपस्थित रहे। सीएम योगी के आग्रह पर आए इन साधु संतों को सात्विक भोजन परोसा गया। भोज में सम्मिलित संतों के अनुसार, निर्धारित जिसमें मूंग और अरहर की दाल, चने का साग, पनीर की सब्जी, आलू-मेथी सोया, मलाई कोफ्ता, मटर निमोना एवं मूंग का हलवा था। भोज के बाद मुख्यमंत्री ने सभी साधु संतों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया।

## केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को अपराध की राजधानी बना दिया है। महिलाओं के लिए अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आए दिन डकैती, झपटारी और गैंगवार की घटनाएं हो रही हैं और पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा दिल्ली के लोगों से नफरत करती है। यह उनकी नफरत का कारण ही है कि वे पिछले 25 वर्षों में दिल्ली की सत्ता में वापस नहीं आए हैं। केजरीवाल ने लोगों को आश्वासन दिया है कि आआपा सरकार बनने पर आरडब्ल्यूए को अपने संबंधित क्षेत्रों में निजी सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए दिल्ली सरकार रुपये देगी। यह रुपये सरकारी फंड से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को बदलना हमारा मकसद नहीं है। भाजपा अब धरना पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि कल मैं चुनाव आयोग में शिकायत करने गया था कि भाजपा रोहिंग्याओं के नाम पर पूर्वांचल के लोगों के वोट काट रही है।

## जितना काम आप ने किया, उतना किसी ने नहीं - अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । यूपी-बिहार के लोगों का फर्जी वोट बनवाकर दिल्ली विधानसभा में जुड़वाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल के इस बयान के बाद दिल्ली में भाजपा का विरोध-प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को भी भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते दिखे। भाजपा के धरना-प्रदर्शन पर अरविंद केजरीवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि यूपी-बिहार और पूर्वांचलियों के लिए जितना काम हमने किया, उतना किसी ने नहीं किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि भाजपा का काम सिर्फ मुझे गाली देना और धरना-प्रदर्शन करना है, इसलिए मैं अपने घर के बाहर परमानेंट टेंट लगवा देता हूं, ताकि भाजपा के लोग रोजाना वहां बैठें और बस बैनर बदल लें कि आज किस मुद्दे पर धरना देना है। उन्होंने कहा है कि इनके जैसे झूठे लोग नहीं हैं। गुरुवार को मैं इलेक्शन कमीशन किसलिए गया था, इलेक्शन कमीशन से यह शिकायत करने कि रोहिंग्या का बहाना बनाकर पूरी दिल्ली के अंदर भारतीय जनता पार्टी पूर्वांचलियों और दलितों के वोट कटवा रही है। यह खुद ही जेपी नड्डा साहब ने संसद के अंदर कबूल किया था कि हम पूर्वांचल और दलितों के वोट कटवा रहे हैं। मैं उसी की शिकायत करने के लिए गया था।
उन्होंने कहा कि जितना काम आम आदमी पार्टी ने पूर्वांचल समाज के लिए किया है, आप देख लो। इलेक्शन में पूर्वांचल के लोगों को जितनी टिकट देते हैं, ये किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल से जितने लोग आते हैं, वह कच्ची कॉलोनी में रहते हैं। कच्ची कॉलोनी के अंदर 2014 के पहले जीना मुश्किल था। नरक की जिंदगी थी। कीचड़ रहता था। कोई विकास नहीं था। सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के आदेश के मुताबिक वहां विकास नहीं हो सकता था। कच्ची कॉलोनी में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोग पूर्वांचली रहते हैं। मैं भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल के अंदर आपने कच्ची कॉलोनी के लिए क्या किया। केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने पूरी दिल्ली में सड़कें बनवाई, गलियां बनवाई, सीसीटीवी कैमरे लगवाए, नालियां बनवाई, सीवर के कनेक्शन दिए, पानी की पाइपलाइन डलवाई, अस्पताल बनवाए, मोहल्ला क्लीनिक बनवाया, स्कूल बनवाए। उनको इज्जत और सम्मान की जिंदगी दी है। आज जिन कच्ची कॉलोनी में 3,000 गज का रेट था 2015 में, आज वहां एक लाख रुपए ऊपर गज का रेट है और लोगों को सम्मान की जिंदगी मिली है। यह लोग गंदी राजनीति करते हैं। यह लोग काम नहीं करते हैं। बेरोजगारों के लिए यह लोग कोई भी काम नहीं करते, ना उनके लिए कोई योजना लाते हैं। बस इनका आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को गालियां देने का काम है।

# संपादकीय

## ईमानदार और सादगीपूर्ण नेतृत्व की मिसाल

ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री को उनकी गरिमानुरुप याद नहीं किया जाता। शास्त्री जी भारत के ऐसे कुछ गिने चुने सपूतों में से हैं जिनका भारत की स्वतंत्रता और स्वतंत्र भारत में बड़ी अहम भूमिका रही है। उन्होंने जहाँ भारत की आजादी के लिये जी जान एक किया तो वहीं स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में अपना जीवन दिया। ऐसे महान चरित्र के स्वामी थे शास्त्री जी। भारत का यह लाल दो अक्टूबर सन् 1904 को उत्तर प्रदेश स्थित मुगलसराय में जन्मा था। इनके पिता का नाम शारदा प्रसाद श्रीवास्तव था। ये पेशे से अध्यापक थे। शास्त्री जी को अपने पिता का सानिध्य ज्यादा दिनों तक नही प्राप्त हो सका, मात्र दो वर्ष की अल्पायु में ही उनके पिता का स्वर्गवास हो गया था। इसके बाद वे अपने नाना के यहाँ उन्नाव चले गये। बचपन से ही उन्होंने आर्थिक व सामाजिक समस्याओं का सामना किया। इन्हीं सब के चलते उनके व्यक्तित्व में दृढ़ता एवं जुझारूपन का रूझान बढ़ता चला गया, और जो बाद में उनके व्यक्तित्व का एक प्रमुख पहचान बना। उनका यही आत्मबल एक दिन उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर कांग्रेस महासचिव, रेल मंत्री और प्रधानमंत्री पद तक प्रतिष्ठित किया। लाल बहादुर ने 1925 में काशी विद्यापीठ से परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 1927 में इनका विवाह हो गया। शास्त्री जी जब युवा थे तब की एक घटना का उल्लेख है, यह घटना उनके आत्म बल, सहनशीलता दृढ़प्रतिज्ञ स्वभाव का एक उदाहरण है। वे विद्यालय जाने के नदी पार कर पढ़ने जाते थे, तो इसी क्रम में वे रामनगर गंगातट पर नाव घाट के पास पहुँचे तो उन्होंने देखा कि नाव में बैठने के लिये उनके पास पैसे तो हैं नहीं। नाव वाले ने भी बैठाने से इंकार कर दिया, और तो और अन्य सहपाठी जो नाव में बैठे थे, उन्होंने उनका उपहास किया। पर वे क्रोधित होने की बजाय तुरंत कपड़े उतारकर फिर पुस्तकें व कपड़े एक हाथ में रखकर पानी में कूद पड़े और तैरकर उस पार पहुँच और समय पर ही अपनी उपस्थिति स्कूल में दर्ज कराई। ऐसा एक बार नही अनेक बार हुआ। घर की आर्थिक स्थिति ने भी उन्हें ऐसा करने के लिये मजबूर किया। जब ललितादेवी के साथ उनका व्याह हुआ तो उन्होंने पहले से ही दहेज एवं विवाह के तामझाम के लिये मना कर दिया था। लड़की वालों के यहां एकदम सादगीपूर्ण विवाह संपन्न हुआ था। शास्त्री जो सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति थे। देश, समाज और जनता के आम जरुरतों उनकी समस्याओं पर ही चिंतन विशेष तौर पर करते थे। ये नेकी के साक्षात् मूर्ति थे। शास्त्री जी अपने किशोरावस्था से ही स्वतंत्रता संग्राम में कुद पड़े थे। स्वतंत्रता संग्राम के उनके साथी गोविंद वल्लभ पंत, रफी अहमद किदवई. डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयनारायण व्यास महावीर त्यागी, कामरेड रामकिशन, आचार्य कृपलानी, मोहम्मद अब्दुल कलाम आजाद, सी. राजगोपालाचारी, गफ्फार खान शंकर राव देव, बाबू पुरुषोत्तम दास टेंडन, बाबा मग सिंह और प्रकाश नारायण आदि थे। इनके साथियों पर भी इनकी छाप का गहरा असर हुआ। गाँधीजी के साथ उन्होंने असहयोग आंदोलन के संचालन पर खूब मेहनत की।

1947 में भारत आजाद हुआ. और नेहरूजी भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। 1951 में नेहरूजी जब भारत के प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब उन्होंने शास्त्रीजी को कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया। कुछ समय बाद नेहरु जी ने उन्हें रेल व परिवहन विभाग का मंत्रीपद सौंपा। उनके ईमानदारी का परिचय इस पद पर भी देखने को मिला। जबकि एक रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुये उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। नेहरु हर जी के लाख कहने पर भी इस्तीफा वापस नहीं लिया। यह था उनका कर्तव्य एवं दायित्व बोध ऐसी नैतिकता और सदभावना आज कहाँ देखने को नहीं मिलती। दूसरे आम चुनाव में लाल बहादुर पुनः भारी मतों से जीतकर संसद में पहुँचे और पुनः परिवहन, यातायात और उद्योग मंत्रालय का कार्यभार सम्हाला। कुछ समय बाद सन् 1960 में गृहमंत्री गोविंद वल्लभ पंत के अस्वस्थ हो जाने पर शास्त्री जी को गृह मंत्रालय का भी कार्यभार सम्हालना पड़ा। ऐसे ही किसी कपड़ा मिल का अवलोकन कर रहे थे तब वहाँ के अधिकारियों व कर्मियों ने शास्त्री जी की पत्नी के लिये उन्हें एक उत्तम किस्म की साड़ी भेंट करनी चाही, तभी उन्होंने उसका दाम पूछा और कहा कि इतने ऊंचे दाम की साड़ी मैं नहीं खरीद सकता, जबकि ये भेंट करना चाहते थे लेकिन उन्होंने उसे वापस कर दिया। क्या ऐसी सादगी, एवं ईमानदारी व भोलापन आज के किसी मंत्री, या अधिकारी में है ?सन 1964 के 27 मई को प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु के बाद सभी के सामने यह सवाल था कि अब भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा.. ? आखिरकार सर्वसम्मति से शास्त्रीजी को प्रधानमंत्री बनाया गया। इसका मुख्य कारण था. उनका व्यवहार एवं व्यक्तित्व, चरित्र की सादगी। जिससे सभी प्रभावित थे। निम्न वर्ग के प्रति उनकी हमदर्दी प्रसिद्ध है। उनका लक्ष्य हमेशा भारत से गरीबी और बेरोजगारी दूर करने का रहा। वहीं वे अनुशासन के बड़े पाबंद थे। दूसरों से भी अनुशासन की इच्छा रखते थे। शास्त्री जी के शासनकाल में ही पाकिस्तान ने भारत पर हमला कर दिया था। वहाँ के शासकों की यह सोच थी कि अब भारत की बागडोर कमजोर प्रधानमंत्री के हाथों में है। इससे अच्छा अवसर हमले के लिये फिर नही मिलेगा। पर उनकी आशाओं के विपरीत पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी और वह युद्ध में बुरी तरह से परास्त हुआ। इसी युद्ध के दौरान शास्त्री ने भारत के सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिये जय जवान जय किसान का जगत विख्यात नारा दिया था। जनवरी 1966 को ताशकंद में उनका निधन हो गया। वर्तमान में कोई भी राजनीतिज्ञ शास्त्रीजी के दिखाये गये रास्तों पर नहीं चलना चाहता। शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी दायित्वबोध, जनता से प्रत्यक्ष संबंध एवं दृढ़ता आज के असंयमित अशिष्ट अलोकतांत्रिक, स्वार्थी और पश्चिमी सभ्यता की ओढने वाले हमारे देश के कर्णधारों को रास नहीं है। अभी भी हमारे नेता मंत्री एवं अधिकारी उनके बताये मार्ग पर चले तो देश विकास की ऊंचाइयों और नैतिकता को स्पर्श कर लेगा। क्या हुआ गर मिट गये. अपने वतन के वास्ते। बुलबुले कुरबान होते हैं, चमन के वास्ते।

# 11 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.55 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 3.21 दोपहर
चंद्र अस्त- 05.42 प्रात-
चंद्रमा-रात्रि- 11.55 उपरांत मिथुन राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-12 पूर्णिमांत महीना पौष-27 शुक्ल पक्ष 13, तिथि-द्वादशी प्रात- 08.21 तक बाद में त्रयोदशी प्रात- 06.33 तक बाद में चतुर्दशी नक्षत्र-रोहिणी दोपहर- 12.29 तक बाद में मृगशिर, योग-शुक्ल प्रात- 11.49 तक बाद में ब्रह्म, करण-बालव प्रात- 08.21 तक बाद में कौलव सायं- 07.25 तक बाद में ग़र, राहु काल- 09.00 से 10.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 01.30 से 03.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.13 से 12.56 तक दुमुहूर्त प्रात- 08.39 से से 09.22 तक व 12.55 से 01.38 तक अमृत काल प्रात- 09.26 से 10.57 तक व प्रात- 02.59 से 04.31 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.26 तक।

# आज 11 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- विदेश में रहते है तो परिवार की याद सतायेगी, बातचीत होगी, बैठे बैठे आसानी से अपने कार्य को बढ़ा लेंगे, एक से अधिक सोर्स से धन कमाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-85

वृषभ- तकनीकी, औषधि, ट्रांसपोर्ट, मछली,शिपिंग कार्य करते है तो उन्नती करेंगे, मन किसी रिश्ते के कारण दुखी रहेगा, संतान के प्रति असुरक्षा रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-75

मिथुन- नौकरी में खटपट हो सकती है, सम्भव है आपका कार्य अधिकारी को समझ ना आए, व्यापार वृद्धि में समय लगेगा।
भाग्य प्रतिशत-49

कर्क- सोचे हुए कार्य में विलंब होगा, मशीनरी, तकनीकी कार्य करने में मन नहीं लगेगा, विवाह की बात चल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-51

सिंह- टैक्स, जीएसटी वकील है तो कार्य मिलने में परेशानी होगी, विवाह के लिए बातचीत चलाएंगे,नौकरी में ट्रांसफ़र सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत- 53

कन्या- रिश्ता तय होगा लेकिन कोई विपरित परिस्थित भी आ सकती है, दूसरे शहर में आना जाना होगा, सर्जिकल व्यवसाय में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-59

तुला- घर संबन्धी मामले में अपनी बात प्रमुखता से रखेंगे, ससुराल पक्ष में नोकझोंक रह सकती है, विद्यार्थी सोच समझकर करियर चुने।
भाग्य प्रतिशत-51

वृश्चिक- सरकारी परीक्षा की तैयारी में फोक्स बढ़ाए,पारिवारिक मुकदमे में धन मिलेगा, फार्मा कम्पनी में जॉब मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत- 72

धनु- परिचित जगह विवाह तय हो सकता है, लेखन में दिलचस्पी बढेगी, रसोई का सामान खरीदेंगे,आढत व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-84

मकर- धन अवश्य कमायेगे लेकिन खर्चे बढ़ेंगे, परिवार स्वास्थ्य के प्रति चिंता रहेगी, डिप्रेशन समस्या बढ़ सकती है, मकान दुकान निवेश में परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ- मेडिकल जांच नकारात्मक रह सकती है। जल, पीडब्ल्यूडी विभाग में है तो अधिकारी से परेशानी होगी, रिसर्च कर रहे छात्र कुछ भूल करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-49

मीन- अपनी मानसिकता नहीं मिला पाएंगे,क्रोध भी रहेगा, घर में समय कटेगा, मन लगाने के लिए घर में कलात्मक , कुछ बदलाव करेंगे।
भाग्य प्रतिशत- 60

# बिपाशा ने पति करण और बेटी देवी के साथ लगाए उम्मीद के पौधे



मुंबई । अभिनेत्री बिपाशा बसु ने अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ मिलकर सभी के लिए 'खुशी और उम्मीद' के पौधे रोपे, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर दिखाई। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेत्री बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह परिवार के साथ पौधे लगाती नजर आईं। पौधे के साथ उन्होंने एक कार्ड भी लगाया, जिस पर लिखा था, अस्तित्व को कृतज्ञता, करुणा, प्रेम, खुशी और उम्मीद से भरने के लिए धन्यवाद। साझा किए गए वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, हम सभी की खुशी और उम्मीद के लिए पौधे लगाना। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करती रहती हैं और प्रशंसकों को अक्सर नए झलक दिखाती रहती हैं। अभिनेत्री पति और बेटी के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक क्लिप डाली, जिसमें देवी समंदर किनारे बीच पर खेलती नजर आईं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर क्लिप को फिर से साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, यह बहुत प्यारा है! छोटी सी एंजल के लिए एड-ए-मम्मा को चुनने के लिए धन्यवाद। (एड-ए-मम्मा आलिया भट्ट के ब्रांड का नाम है।) बिपाशा बसु के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार वेब सीरीज 'डेंजरस' में नजर आई थीं। सीरीज का निर्देशन भूषण पटेल ने किया था और कहानी को विक्रम भट्ट ने तैयार किया था। 'डेंजरस' में बिपाशा के साथ करण सिंह ग्रोवर, सोनाली राउत, नताशा सूरी और सुयश राय भी महत्वपूर्ण भूमिका में थे। इस सीरीज का प्रीमियर 2020 में एमएक्स प्लेयर पर हुआ था। वहीं, बिपाशा बसु के पति और अभिनेता करण सिंह ग्रोवर एक्शन थ्रिलर 'फाइटर' में नजर आए थे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी एक्शन फिल्म में करण सिंह के साथ ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे।

# उरुग्वे में पति के साथ छुट्टियां मना रही प्रीति जिंटा



मुंबई । आजकल बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा अपने पति जीन गुडइनफ के साथ उरुग्वे में छुट्टियां मना रही हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरों में प्रीति और जीन बीच पर पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो क्लिप में प्रीति ने उरुग्वे के पुंटा डेल एस्टे के खूबसूरत नजारों को भी दिखाया, जो बेहद आकर्षक थे। इसके अलावा, प्रीति ने कुछ फूलों, होटल की प्राचीन वस्तुओं और स्वादिष्ट खाने की तस्वीरें भी शेयर की। इन सबके बीच, आखिरी तस्वीर में प्रीति और जीन एक रेस्तरां में बैठे हुए थे, जहां अभिनेत्री सेल्फी ले रही थीं। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में कुछ दिल और बुरी नजर वाले इमोजी भी डाले और बैकग्राउंड में निक जोनास का गाना 'दिस इज हेवन' भी जोड़ा। प्रीति ने अपनी पोस्ट के जरिए अपने फैंस को अपने परिवार के साथ बिताए गए खास लम्हों की झलक दी। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने और जीन ने 2024 का स्वागत पेरू में किया था, जहां उन्होंने इंका ट्रेल पर पैदल यात्रा की और कई नई जगहों का दौरा किया, जिनकी तस्वीरें भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की। कैप्शन में उन्होंने लिखा, जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मैं सोच रही थी कि हमने पेरू में नए साल का कैसे स्वागत किया। यह एक एक्शन से भरपूर साल था, जिसमें मैंने लंबे समय बाद एक फिल्म की शूटिंग की। वहीं, प्रीति जिंटा के फैंस को जल्द ही उनकी आगामी फिल्म लाहौर 1947 में सनी देओल के साथ देखने का मौका मिलेगा, जिसे राजकुमार संतोषी निर्देशित कर रहे हैं।

# ऋतिक रोशन ने सुजैन खान-सबा के साथ मनाया जन्मदिन का जश्न



मुंबई । बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' कहे जाने वाले मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन ने अपना 51वां जन्मदिन पूर्व पत्नी और खास दोस्त सबा आजाद संग मनाया। सुजैन खान के भाई जायद खान ने सोशल मीडिया पर जश्न की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ सुजैन खान और खास दोस्त सबा आजाद समेत अन्य दोस्त नजर आए। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेता जायद ने इंस्टाग्राम पर ऋतिक को शुभकामनाएं देते हुए माना कि वो हमेशा उन्हें गाइड करते रहे हैं। शेयर की गई तस्वीर में जायद खान के साथ ऋतिक रोशन, सुजैन खान, उनके प्रेमी अर्सलान, सबा आजाद और कुछ दोस्त नजर आए। जायद खान ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मेरे भाई, एक ऐसे शख्स को, जिसकी मैं बहुत प्रशंसा करता हूं! जिसकी इच्छा शक्ति कमाल की है। अभिनेता ने आगे लिखा, वह हमेशा से मेरे लिए एक ईमानदार गाइड रहे हैं। जिनकी सलाह मैं हमेशा लेता हूं और गहराई से आत्मनिरीक्षण करता हूं। मेरे भाई आपका आने वाला साल और भी कमाल का रहे, आप और भी शाइन करें। आपको बहुत सारा प्यार। हमेशा ऐसे बने रहो! बता दें, ऋतिक और सुजैन बचपन के दोस्त रहे हैं, इसके बाद दोनों में प्रेम हो गया और उन्होंने साल 2000 में शादी कर ली। हालांकि, शादी के 14 साल बाद दोनों अलग हो गए। ऋतिक और सुजैन के दो बेटे हैं। वहीं, जायद खान के बारे में बता दें कि वह दिग्गज अभिनेता संजय खान के बेटे हैं। उन्होंने साल 2003 में रिलीज हुई 'चुरा लिया है तुमने' से करियर की शुरुआत की थी। जायद, शाहरुख खान, अमृता राव और सुष्मिता सेन के साथ 'मैं हूं ना' में भी काम कर चुके हैं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। यह फिल्म उनके करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इसके बाद उन्हें 'वादा', 'शब्द', 'दस' और 'शादी नंबर 1' जैसी फिल्मों में काम किया। जायद खान ने 2006 में आई सोहेल खान की एक्शन मल्टी-स्टारर 'फाइट क्लब - मेंबर्स ओनली' में भी काम किया था। इसके बाद वह 'रॉकी द रिबेल' में दिखाई दिए। अभिनेता 'कैश', 'स्पीड', 'मिशन इस्तांबुल', 'युवराज', 'ब्लू' में भी दिखे। अभिनेता ने साल 2011 में प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस का नाम बॉर्न फ्री एंटरटेनमेंट रखा है।

# रंधावा ने किया टी-सीरीज़ के साथ चल रहे कॉपीराइट विवाद का खुलासा

मुंबई । हाल ही में बालीवुड सिंगर गुरु रंधावा ने टी-सीरीज़ के साथ चल रहे कॉपीराइट के विवाद का खुलासा किया है। गायक ने दावा किया कि पिछले डेढ़ साल से वह इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए थे, लेकिन अब समय आ गया है कि वह इसके बारे में खुलकर बात करें। यह विवाद तब सामने आया जब एक यूज़र ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर दावा किया कि टी-सीरीज़ गुरु रंधावा को स्वतंत्र रूप से काम करने या किसी अन्य म्यूजिक लेबल के साथ काम करने से रोकने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही, एक स्क्रीनशॉट भी साझा किया गया, जिसमें यह दिखाया गया था
कि टी-सीरीज़ म्यूजिक के द्वारा कॉपीराइट का दावा करने के कारण गुरु के एक वीडियो को हटा दिया गया था। गुरु रंधावा ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बड़े लोग बड़े समस्याओं का सामना करते हैं। यह समस्या कुछ ही दिनों में सुलझ जाएगी और हम पहले से भी ज्यादा मजबूत होकर वापस आएंगे। उन्होंने आगे कहा, इस साल म्यूजिक और फिल्मों से भरा हुआ होगा। हम बस तैयारी कर रहे हैं। मैं इन समस्याओं पर ज्यादा बात नहीं करता, लेकिन हां, अब समय आ गया है कि आपको बताऊं कि पिछले डेढ़ साल से क्या हो रहा है। लेकिन, उम्मीद है कि यह हल हो जाएगा और सब कुछ अच्छे तरीके से सुलझ जाएगा। गुरु ने अंत में हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, तब तक, प्यार फैलाओ। भगवान सबसे बड़े हैं। गुरु रंधावा 2024 में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ मिलकर कई हिट गाने रिलीज़ कर चुके हैं, जिनमें रिच लाइफ (रिक रॉस के साथ) और एडिक्टेड शामिल हैं।

# भसड़ मचाने आ रहे हैं शाहिद कपूर, देवा के फर्स्ट सॉन्ग का टीजर हुआ रिलीज



मुंबई । ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स अपनी अपकमिंग फिल्म देवा के फैंस के लिए हर अपडेट के साथ एक बेहतरीन अनुभव देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. पोस्टर्स, टीज़र्स से लेकर गाने की धमाकेदार घोषणा तक, उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खीच रखा है. ऐसे में अब फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट ने एक नया लेवल छू लिया है, क्योंकि %भसड़ मचा% का टीज़र रिलीज़ हो चुका है, जो इस साल का सबसे बड़ा हिट होने वाला है चीज़ों को और भी ज्यादा इलेक्ट्रीफाइंग बनाने के लिए, शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े दुबई में ओपनिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर आग लगाने के लिए तैयार हैं, जहां फैंस को आने वाली शानदार चीज़ों की झलक देखने मिलेंगी. लेकिन, फिलहाल हम उस हाई-वोल्टेज टीज़र में डूबे हुए हैं, जो हर किसी की जुबां पर है. टीज़र में शाहिद कपूर पूरी तरह से जोश में नजर आ रहे हैं, और ये बिलकुल साफ है कि उनके पास वो सब कुछ है, जो दर्शकों को चाहिए. उनके स्वैग से लेकर उनके डांस मूव्स तक, शाहिद यहां हैं आपको पहले से कहीं ज्यादा एंटरटेन करने के लिए. उनकी डांस परफॉर्मेंस आपको उठकर थिरकने के लिए मजबूर कर देगी. एनर्जी की बात करें तो, वो बिलकुल शानदार है. वो सिर्फ परफॉर्म नहीं कर रहे हैं; बल्कि हर कदम के साथ वो स्क्रीन पर छा रहे हैं. ये सिर्फ एक गाना नहीं है - ये एक पूरा महौल है जो आपको अपनी तरफ खींच लेगा, और आप हर बीट को महसूस करेंगे. 'भसड़ मचा, जिसे बोस्को लेस्ली मार्टिस ने कोरियोग्राफ किया है, जो एक जबरदस्त विजुअल और म्यूजिकल ट्रीट होने का वादा करता है. इस ट्रैक को मिका सिंह, विशाल मिश्रा और ज्योतिका तंगरी ने अपनी आवाज से सजाया है. विशाल मिश्रा द्वारा कंपोज्ड इस गाने के बोल राज शेखर ने लिखे हैं. जाने माने मलयालम फिल्म फिल्ममेकर रोशन एंड्रयूज द्वारा डायरेक्टेड और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस्ड, देवा 31 जनवरी, 2025 को रिलीज के लिए तैयार है.

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 350 रुपये से लेकर 380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे

मुंबई । मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है। मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे। उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं। समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम की प्रतिष्ठित विरासत को सम्मानित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। उत्सव सप्ताह के दौरान, एमसीए 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों और महावाणिज्यदूत नौकरशाहों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन करेगा। मुंबई क्रिकेट के गुमनाम नायकों के योगदान और प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए, एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा, इसके बाद 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# जिम में चोट लगने से घायल हुई रश्मिका मंदाना

मुंबई । एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना, हाल ही में जिम में चोट का शिकार हो गईं, जिससे उनके बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की शूटिंग फिलहाल रोकनी पड़ी है। रश्मिका को डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वह पूरी तरह से ठीक होने के लिए थोड़ा आराम करें। इसके बाद ही वह अपने बिज़ी शेड्यूल पर लौट सकती हैं। रश्मिका की चोट ने उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ा दी है, लेकिन ताज़ा अपडेट्स बताते हैं कि वह जल्द ठीक होने की राह पर हैं और जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगी। रश्मिका मंदाना के एक करीबी सूत्र ने कहा, रश्मिका को हाल ही में जिम में चोट लगी थी और वह आराम करके ठीक हो रही हैं। हालांकि, इस वजह से उनकी आने वाले प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कुछ समय के लिए रुक गई है। अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हैं और जल्द ही सेट पर वापसी करेंगी। रश्मिका, जिन्होंने एनिमल और पुष्पा फ्रेंचाइज़ के मौजूदा कलेक्शंस के साथ कुल 3096 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिया है, लगातार अपनी मेहनत और सकारात्मकता से अपने फैंस को प्रेरित करती रही हैं। हिट फिल्मों की इस सीरीज़ ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया है। हालांकि, शूटिंग का यह ब्रेक सिर्फ कुछ समय के लिए है, लेकिन फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि रश्मिका पहले से भी ज्यादा मजबूती और जोश के साथ वापसी करेंगी और अपनी खास अदाओं और एनर्जी से फिर से स्क्रीन पर धमाल मचाएंगी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकेट के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को सौपा ज्ञापन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर ।गुलावठी भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट के नाम थाना प्रभारी सुनीता मलिक को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने अवगत कराया कि वह प्रधानमंत्री का पुतला दहन नहीं करेंगे। अपनी सभी वार्ता को ज्ञापन के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट को भेजेंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रशासन के समर्थन में तरीके से अपनी बात को रखा जाएगा, उन्होंने कहा कि किसानों के हित में हो रही राजनीती का 100 प्रतिशत विरोध करेंगे। कार्यकर्ताओं ने पंजाब में बैठे सरदार जगत सिंह की 46 दिन की तपस्या का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि किसान का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसान का उत्पीड़न हुआ तो उसके लिए किसानों के हित में लड़ाई लड़ी जाएगी। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष मुस्तकीम, जिला उपाध्यक्ष वसीम, तहसील अध्यक्ष फखरुद्दीन, किसान नेता अश्विनी यादव, किसान नेता नाजिम सैफी, रईस, फरीद, इरफान, वसीम, नाजिम, सोनू, आसिफ, नदीम, जैनुद्दीन, नसीर, यूनुस, गौरव, नितिन यादव, जुबेर आदि मौजूद रहे ।

## हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। गुलावठी देवनागरी महाविद्यालय में आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा कहा कि हमें गर्व करना चाहिए कि हम हिंदी भाषी हैं। हिंदी हमारे अंदर रची-बसी है । हम अपनी समस्त संवेदनाओं को सहज रूप से हिंदी में प्रेषित करते हैं । हिंदी हमारे सुख - दुख की बराबर साथी है। आज विश्वभर में हिंदी भाषा को सत्कार एवं सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है । विश्व में संस्कृति के पुनर्जीवन में हिंदी भाषा साहित्य को आशा भरी नजरों से देखा जा रहा है । मुख्य वक्ता हिंदी विभाग प्रभारी डॉ संदीप कुमार सिंह ने सभी को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी भावों और संवेदनाओं की भाषा है। आज विश्व में सबसे अधिक पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन हिंदी भाषा में हो रहा है ।साहित्य के साथ-साथ हिंदी भाषा रोजगार के विविध अवसर प्रदान कर रही है। हिंदी की वैश्विक मांग बढ़ रही है । विभिन्न भाषा ग्रंथों के अनुवाद हिंदी भाषा में हो रहे। जिससे विश्व संस्कृति को हिंदी एक वैश्विक मंच प्रदान कर रही है । महाविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पीयूष त्रिपाठी ने हिंदी भाषा की सहजता और संप्रेषणीयता की महती प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नदियों का संगम समाज को पवित्र बनाता है, उसी प्रकार भाषाओं का संगम भी समाज को पवित्रता प्रदान करता है। हिंदी अपनी अनेक बोलियों एवं उपभाषाओं का पल्लवित एवं विकसित रूप है। हिंदी की सहायक भाषाएं हिंदी के बहन के रूप में प्रसिद्धि पाती है ।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरीश कसाना ने किया । संचालन करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिंदी अपनी सीमाओं को विस्तार देते हुए लगातार विकास कर रही है । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर सर्वश्री अतुल तोमर, डॉ पुष्पेंद्र मिश्र,हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, नरेश कुमार, कृष्णकुमार, शशि कपूर तथा अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## भाजपा नगर मंडल द्वारा किया गया संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। सिकंदराबाद इस कार्यशाला आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मीराज सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष त्रिवेश गुप्ता ने की, जबकि संचालन नगर महामंत्री नरेंद्र सैनी ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर इन दिनों चल रही राजनीति के बीच भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य जनता को बाबा साहब के संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और कांग्रेस के द्वारा उनके साथ किए गए छल के बारे में जागरूक करना है। यह संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। इसके माध्यम से भाजपा देश के आम नागरिकों को संविधान की महत्ता और डॉ. अंबेडकर के योगदान से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि संविधान हर भारतीय की समानता और अधिकारों का प्रतीक है, और इसे लेकर जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों से संविधान और बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। भाजपा का यह कदम डॉ. अंबेडकर की विचारधारा और उनके द्वारा बनाए गए संविधान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है इस कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष पिंकी वोहरा जिला मंत्री अरविंद दीक्षित नगर उपाध्यक्ष नवीन राजपूत ,नगर मंत्री अरुण प्रजापति,सचिन सैनी जी,गौरव भाटिया मोहित अग्रवाल ,शेखर सैनी सोनु सैनी जी संजीव शर्मा ,सुन्दर सैनी मालती सैनी,रवि लोधी,सौरभ प्रजापति आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संविधान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और इसे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बताया। इस अभियान के तहत भाजपा संगठन बाबा साहब के विचारों और संविधान की गरिमा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मरीज बनकर आए एक चोर ने बड़े ही शातिर अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी सिकंदराबाद स्टैंड स्थित डॉ राजेश वर्मा के क्लीनिक है । डॉ. राजेश वर्मा के यहां मरीज बनकर आए एक चोर ने बड़े ही शातिर अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। डॉ. वर्मा के रूट कैनाल सेंटर क्लीनिक का केबिन बंद था तो चोर केबिन कूदकर घुस गया और गल्ला तोड़कर करीब छह हजार की नकदी चोरी कर ले गया। चोर ने गल्ला तोड़ने से पहले गल्ले पर नंबर भी डाले। चोर पहले डॉक्टर के क्लीनिक पर आकर दांतों के इलाज का खर्चा पूछकर गया और सारी लोकेशन अपने दिमाग में फीड कर दोबारा आया और डॉ. के रूट कैनाल सेंटर में चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है अब पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोर की तलाश कर रही है।

## संविधान गौरव अभियान की तैयारियों को लेकर मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। गुलावठी नगर मंडल स्थित सैनी धर्मशाला में आगामी दिनांक 11 जनवरी से 25 जनवरी तक होने वाले संविधान गौरव अभियान की तैयारियों को लेकर मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 11 जनवरी से 25 जनवरी तक जाने वाले विशेष अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिसके मुख्य वक्ता जिला महामंत्री संजय गुर्जर रहे। क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह,सांसद प्रतिनिधि मंडल प्रभारी सुरेशचंद्र शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया की उपस्थिति भी रही। मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी ने बताया कि यह अभियान बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में चलाया जाएगा। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने बाबा साहेब का अपमान किया था। पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह तेवतिया ने बताया कि अभियान के दौरान प्रमुख केंद्रों पर संविधान हमारा स्वाभिमान के ध्येय से संगोष्ठियां और रैलियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान का सर्वाधिक सम्मान करती है। बैठक के उपरांत नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एवं पटका पहनाकर बधाई दी। बैठक में उपस्थित पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया,अनिल सिंघल वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चंद्र गुप्ता,रवि अग्रवाल,भाजपा नेत्री विद्यावती तोमर,रामकुमार कौशिक,अरविंद भारद्वाज,परमानंद सैनी,महेश वर्मा,प्रभात मुद्गल,सभासद अनिमेश अगस्तीन,सभासद गगन प्रजापति,सभासद हिमांशु सैनी,मन्नू पंडित,प्रिंस तेवतिया,मयंक अग्रवाल,हिमांशु गोयल,रविंद्र सिंह, उमा चौधरी,बीना सैनी,अरुणा शर्मा,अरुण तेवतिया,गौरव तेवतिया,शोभित,चिराग नागर,कन्हैया सैनी,पवन तेवतिया,अजय तेवतिया,जोगेंद्र सिंह,कुँवरपाल सिंह,मोहम्मद नासिर,सैयद आजम आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी ने की एवं मंच का संचालन महामंत्री अनुराग तोमर ने किया।

## राजकीय इंटर कॉलेज बुलंदशहर में आइसेक्ट संस्था द्वारा बच्चों ने किया एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर उत्तर प्रदेश समग्र शिक्षा अभियान द्वारा संचालित केंद्र पूर्व निर्धारित रिवाइज्ड व्यवसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत कार्यदाई संस्था आइसेक्ट द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज बुलंदशहर में ट्रांसपोर्टेशन लॉजिस्टिक एण्ड वेयरहाउस ट्रेड में नामांकित कक्षा 9 व कक्षा 10 के बच्चों को बजरंग ट्रांसपोर्ट बुलंदशहर पर भ्रमण कराया गया बच्चों ने एक दिवसीय भ्रमण के जरिए ट्रांसपोर्ट के मैनेजर पिंकू शर्मा ने अनेक प्रकार की जानकारी बच्चों को दिवसीय भ्रमण के जरिए तथा सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर किस प्रकार आर्डर करके लाया जाता है और किस प्रकार आर्डर किया जाता है और सामान को आने जाने की प्रक्रिया के फायदे बताएं तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि यह शैक्षिक भ्रमण समग्र शिक्षा अभियान के तहत आइसेक्ट संस्था द्वारा लखनऊ की देखरेख में किया गया यह केंद्र सरकार की और से संचालित रोजगारमुख योजना है जिसमें सभी विद्यार्थी व्यवसायिकता से जुड़ी जानकारी प्राप्त करते हैं

ट्रांसपोर्टेशन लॉजिस्टिक वेयरहाउस के व्यवसायिक शिक्षक राहुल चौधरी ने बताया कि कक्षा 9 व कक्षा 10 के 90 छात्रों ने बजरंग ट्रांसपोर्ट का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार और उप प्रधानाचार्य श्री मनजीत सिंह चौधरी व ब्रजेश कुमार सिंह वीटी राहुल चौधरी वीटी अनुज कुमार सिंह उपस्थित रहे

## मामा का एटीएम कार्ड बदलकर भांजे ने निकाले रूपये,मामा ने दर्ज कराई रिपोर्ट




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गिलावठी नगर के करन पुरी मोहल्ला निवासी ओमकार सिंह के घर बीते दिनों उनका भांजा सुरेश आया था उसने अपने मामा का एटीएम कार्ड उनके घर से हटाकर अपने भाई दिनेश का एटीएम कार्ड वहां रख दिया। ओमकार को अपना एटीएम कार्ड बदलने की खबर तब लगी, जब उनके एटीएम कार्ड से 48770 रूपये निकले। एटीएम कार्ड से 48770 रूपये निकलने की जानकारी मिलते ही मामा के होश उड़ उन्होंने एटीएम कार्ड को देखा लेकिन वो कार्ड उनके भांजे दिनेश का निकला। एटीएम कार्ड बदलने की रिपोर्ट लिखाने ओमकार सिंह कोतवाली पहुंचे और अपने भांजे सुरेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंडसफ़ूड एक्सपो-2025 में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा स्थापित यू०पी० पवेलियन का उदघाटन किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। जनपद बुलंदशहर के कृषक उत्पादक संगठन पी.एस.जे.जी. एफ.पी.ओ.एवं दौलत राइस लिमिटेड निर्यातक के मध्य हुआ इंडस फूड एक्सपो ग्रेटर नोएडा में एम. ओ. यू. कार्यक्रम जनपद के बासमती धान की मिडिल ईस्ट के देशों में होगी धाक इंडसफ़ूड एक्सपो-2025 ग्रेटर नोएडा में यूपी के एफपीओ के उत्पादों का निर्यात हेतु हुआ अनुबंध प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय (8 से 10 जनवरी तक) इंडसफ़ूड एक्सपो-2025 में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा स्थापित यू0पी0 पवेलियन का उदघाटन किया। उन्होंने बताया कि यह एक्सपो कंपनियों को वैश्विक खरीदारों से जुड़ने, नए बाजारों की खोज करने और अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए यह एक अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में जनपद के जनपदीय कृषि विपणन निरीक्षक श्री मोहित यादव ने बताया के दिनांक 10/01/2025 को कैप्टन विकास गुप्ता, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) की गरिमामय उपस्थिति में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय श्री चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री कुलदीप मीणा के दिशा निर्देशों में निर्मित जनपद बुलंदशहर के धान क्लस्टर पी एस जे जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, बुलंदशहर एवं दौलत राइस एवं एग्रो प्रोड्यूसर LLP संभल के मध्य धान खरीद हेतु एम0ओ0यू0 (अनुबंध) करार कराया गया । जिससे जनपद के बासमती कृषकों का उत्साह बढ़ेगा, इसी को देखकर अन्य कृषक उत्पादक संगठन भी कृषि निर्यात के कार्य में आगे बढ़ना चाहेंगे। इस क्रम में श्री यादव ने बताया कि गठित बासमती धान क्लस्टर से 30 प्रतिशत निर्यात होने पर दस लाख रुपए के प्रोत्साहन का प्राविधान किया गया है । साथ ही निर्यात परिवहन पर 20 लाख रुपए के प्रोत्साहन का प्राविधान है । कार्यक्रम के दौरान श्री सुग्रीव शुक्ला, उप निदेशक कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, लखनऊ उत्तर प्रदेश, श्री राहुल यादव, मंडलीय कृषि विपणन अधिकारी, मेरठ, श्री मोहित यादव जनपदीय कृषि विपणन निरीक्षक, प्रदेश कृषक उत्पादक संगठन, निर्यातक आदि उपस्थित रहे।

## नगर में बिजली विभाग ने चलाया संघन चैकिंग अभियान - एसडीओ राम आशीष यादव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। शिकारपुर नगर में अलसुबह बिजली विभाग ने संघन चैकिंग अभियान चलाते हुए बीस बिजली चोरों को दबोचा है वही सात बड़े बिजली बकायेदारों का कनेक्शन भी काटा है

बिजली विभाग की कार्रवाई से नगर में बिजली चोरों में हड़कप मचा हुआ है बिजली विभाग ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कार्रवाई की बात कही है नगर में बिजली विभाग के एसडीओ राम आशीष यादव, द्वारा अपनी टीम के साथ नगर में बिजली बिल के बकायेदारों और बिजली चोरी के खिलाफ संघन चैकिंग अभियान चलाया गया बिजली विभाग की टीम छापेमारी करते हुए कटिया मारकर बिजली चोरी करने वालों में हंडकम्प मच गया इस दौरान चैकिंग के दौरान बिजली चोरी करते बीस लोग पकड़े गए और पांच बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया कुछ उपभोक्ताओं की लाइन बिना बिल जमा किये पुन: जोड़ा पाया गया जिनके खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी गई है उपभोक्ताओं के कनेक्शन को घरेलू से कॉमर्शियल किया गया चैकिंग अभियान के दौरान कुछ ऐसे उपभोक्ता मिले जो स्वीकृत भार से ज्यादा लोड इस्तेमाल करते पाए गए ऐसे पांच उपभोक्ताओं का लोड मौके पर कार्यवाही कर बढ़ाया गया और कुछ उपभोक्तओं का कनेक्शन घरेलू था जब कि मौके पर कमर्शियल उपयोग करते पाए गए ऐसे पांच उपभोक्ताओं के कनेक्शन को घरेलू से कॉमर्शियल किया गया कुछ बिजली उपभोक्ता बिजली के मीटर किसी और के नाम पर चलाते मिले बिजली उपयोक्ताओं को बिल जमा करने की अपील की तत्काल प्रभाव से बिजली विभाग के अधिकारी ने बिजली उपभोक्ता का कनेक्शन काटने के लिए कहा शिकारपुर बिजली विभाग के एसडीओ राम आशीष कुमार यादव, ने बिजली उपयोक्ताओं को बिल जमा करने की अपील की बिजली विभाग की टीम में बिजली विभाग के जेई शत्रुघ्न कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, मोनू, जीसान, धमेन्द्र, सुमित, सीटू, रविन्द्र कुमार, सहित बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे ।

## अधिकांश सभासदों ने मण्डल अध्यक्ष का किया स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के अधिकांश सभासदों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष विकास गर्ग, के गले में पट्टा पहनाकर और तस्वीर देकर स्वागत किया सभासदों, ने स्वागत करते हुए कहा कि दोगुनी ताकत से पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे मण्डल अध्यक्ष विकास गर्ग, का कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजे से स्वागत किया मण्डल अध्यक्ष विकास गर्ग, ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे और भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे इस मौके पर सभासद गौतम सूर्यवंशी, वीरेन्द्र कुमार गर्ग, राजेन्द्र लोधी, रंजीत सैनी, टीकम सूर्यवंशी, योगेन्द्र माहौर, मोहनलाल सैनी, भोला, राकेश, लेखपाल सचिन गर्ग, आदि लोग मौजूद रहे ।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने नीट और जेईई उम्मीदवारों के लिए लॉन्च किया एक नया हिंदी यूट्यूब चैनल

**हिंदी यूट्यूब चैनल ( www.youtube.com/@aakashinstitutehindi ) NEET और JEE उम्मीदवारों के लिए एक बेहतर शिक्षण अनुभव प्रदान करेगा**



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए एक समर्पित हिंदी यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जो विशेष रूप से नीट और जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हिंदी भाषी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करेगा। एईएसएल के एमडी एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा का कहना है, हमारा मानना है कि भाषा कभी भी सीखने में बाधा नहीं बननी चाहिए। हमारे हिंदी यूट्यूब चैनल के लॉन्च के साथ हम हिंदी भाषी छात्रों को मुख्य विषयों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए एक सुलभ और प्रभावी मंच प्रदान करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस नए संसाधन का उद्देश्य छात्रों को आत्मविश्वास के साथ नीट और जेईई जैसी कठिन राष्ट्रीय परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है। एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. यशपाल ने कहा कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड हिंदी में समर्पित यूट्यूब चैनल की शुरुआत हिंदी भाषी छात्रों के लिए शिक्षा की सुलभता में एक परिवर्तनकारी कदम है। अपनी मातृ भाषा का उपयोग न केवल समझ को बढ़ाता है, बल्कि नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों में अधिक जुड़ाव और आत्मविश्वास भी पैदा करता है। यह पहल भाषा से संबंधित बाधाओं को तोड़ती है, यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक छात्र, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या शिक्षा का माध्यम कुछ भी हो, अपने शैक्षणिक सफर और आकांक्षाओं का समर्थन करने वाले मूल्यवान संसाधनों तक पहुंच सके। 200,000 सब्सक्राइबर हासिल कर लिए उल्लेखनीय रूप से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के हिंदी यूट्यूब चैनल ने बहुत कम समय में 200,000 सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं, जो युवा दर्शकों से मिले अविश्वसनीय समर्थन और जुड़ाव को दर्शाता है। यह उपलब्धि हमारे दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होने वाले उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विषयों को ठीक से समझने की सुविधा देता है यह नया प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को उनकी मातृभाषा में उच्च-गुणवत्ता वाली शैक्षिक सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे वे कांप्लेक्स कॉन्सेप्ट्स को आसानी से समझ सकें।

हिंदी में वीडियो के माध्यम से चैनल छात्रों को फिजिक्स (भौतिकी), केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान), गणित, बायोलॉजी (जीव विज्ञान) और बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) जैसे महत्वपूर्ण विषयों का पुनरावलोकन (रिविशन) कर विषयों को ठीक से समझने की सुविधा देता है। छात्रों के लिए एक अनमोल संसाधन बनाता है यह प्लेटफ़ॉर्म बच्चों को बुनियादी शिक्षण से लेकर परीक्षा-विशिष्ट रणनीतियों, मोटिवेशन तक कई प्रकार के शैक्षिक वीडियो उपलब्ध कराता है, जो इसे छात्रों के लिए एक अनमोल संसाधन बनाता है। सामग्री को आसानी से नेविगेट किया जा सकता है और यह नि:शुल्क उपलब्ध है, जिससे वे छात्र भी नीट और जेईई परीक्षा तैयारियों के लिए एईएसएल की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकते हैं।

## प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 32,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त राजकुमार पुत्र बने सिंह निवासी ग्राम ख्वाजपुर थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में थाना जांहगीरपुर क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लडकी को भगा लेजाना तथा उसके साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 09.05.2022 को थाना जहांगीरपुर पर मुअसं-34/22 धारा 363,366,376(3) भादवि व ङपोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा पुलिस द्वारा दिनांक 24.05.2022 को मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 06 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 10.01.2025 को न्यायाधीश श्री वरुण कुमार सिंह (मा0 न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त राजकुमार को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 32,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री सुनील शर्मा, श्री वरुण शर्मा व श्री आशुतोष का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

## हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के विद्यार्थियों कि आगामी बोर्ड परीक्षा की सफलता के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के विद्यार्थियों कि आगामी बोर्ड परीक्षा की सफलता के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के डायरेक्टर शलभ अग्रवाल, डॉक्टर सारिका अग्रवाल, स्कूल प्रधानाचार्य बी.डी. शर्मा, स्कूल इंचार्ज अरुण कौशिक, जूनियर इंचार्ज प्रीति पाठक, कार्यक्रम इंचार्ज अमन सैफी, ओ पी वर्मा, राजकुमार, दिग्विजय, ललित, तूबा, विनीता शर्मा, स्वाति दूबे, दीपक चौधरी, मोहम्मद उस्मान गुंजन शर्मा आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं ने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रह कर हवन में आहुतियां दी उनके अच्छे परीक्षा परिणाम व उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## श्री श्लोक कुमार द्वारा पुलिस लाइन में आरक्षी फौजदार सिंह की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनको प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप 2024-25 में का आयोजन उदय प्रताप इंटर कॉलेज वाराणसी में दिनांक 04.01.2025 से 05.01.2025 तक हुआ था। जनपद बुलन्दशहर से आरक्षी फौजदार सिंह द्वारा पोल वाल्ट में प्रतिभाग किया गया तथा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर जनपदीय पुलिस को गौरवान्वित किया है। आज दिनांक 10.01.25 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्री श्लोक कुमार द्वारा पुलिस लाइन में आरक्षी फौजदार सिंह की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनको प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्साह वर्धन हेतु 5000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# घने कोहरे के चलते NH-9 पर हादसा, कई वाहन आपस में भिड़े




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**अमित कुमार**

हापुड़। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के NH-9 पर काली नदी पुल के पास शुक्रवार की सुबह घने कोहरे के चलते आधा दर्जन वाहन आपस में भिड़ गए। इस दौरान चीख-पुकार मच गई, इस हादसे में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। हादसे के कारण NH-9 पर यातायात प्रभावित हो गया, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही एक ईको कार की अज्ञात वाहन से भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान चीख-पुकार मच गई, जहां ईको कार सवार गांव बदरखा के इमरान और हिना घायल हो गए। वहीं इस हादसे में घने कोहरे के चलते एक के बाद एक कर पांच वाहन भी आपस में भीड़ गए। गनीमत रही कि इन सभी वाहनों में सवार कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ, मगर वाहन इस दौरान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वाहनों की भिड़ंत की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को पुलिस टीम ने अस्पताल में भर्ती कराया।
थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू करा दिया गया था। इस डोरसन दो लोग घायल हुए हैं, इसके अलावा अन्य वाहनों में सवार किसी भी व्यक्ति के चोट नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित बोलेरो पिकअप ने कार में मारी टक्कर, ड्राइवर गंभीर रूप से हुए घायल



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। जनपद हापुड़ के डासना मसूरी के पास जिंदल फैक्ट्री के पास का है जहां गुरुवार को दोपहर के समय दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप गाड़ी ने अनियंत्रित होकर आगे चल रही कार में टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलोरो पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई और आगे चल रही गाड़ी टक्कर खाकर डिवाइडर से जा टकराई। जहां स्थानीय राहगीरों ने घायल हुए दोनों वाहन चालकों को बाहर निकाला और बिना देरी करे हुए एंबुलेंस बुलवाकर स्थानीय अस्पताल में भिजवा दिया और राहगीरों ने टक्कर मारकर पलटी बोलोरो पिकअप गाड़ी को सीधा खड़ा किया। तब जाकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## यज्ञ-हवन कर मनाया गया चौधरी मंगल सिंह का जन्मदिन




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। सेवा सदन के संस्थापक, महामंत्री एवं मिशन 125 वर्ष स्वस्थ जीवन स्वस्थ भारत के प्रेरणास्रोत चौधरी मंगल सिंह के जन्मदिन पर 5,सत्यम एनक्लेव,कोट गांव जीटी रोड स्थित सेवा सदन के प्रांगण में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष प्रवीण आर्य के ब्रह्मत्व में यज्ञ-हवन किया गया और नि:शुल्क आई जांच कैम्प लगाया गया।इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों, विद्वानों ने गौभक्त चौधरी मंगल सिंह को उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।
योगी प्रवीण आर्य ने स्वास्थ्य चर्चा विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि योग,यज्ञ और आयुर्वेद को अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं।यज्ञ कुण्ड सेनेटाइजर यंत्र है इसमें गौघृत और ओषधिओं व वेदमंत्रों से हवन करने से एचएमपीवी सहित अनेकों रोगों से बचा जा सकता है।हमें योग,यज्ञ और आयुर्वेद को दैनिक दिनचर्या मे शामिल करना चाहिए। समाज सेवी विनोद त्यागी ने जनसेवा में समर्पित चौधरी मंगल सिंह को उत्तम स्वास्थ्य व सफल मानव जीवन की शुभकामना व आशीर्वाद प्रदान किया। चौ. मंगल सिंह ने गौवंश को बचाने के लिए कार्य करते रहने के संकल्प को दोहराया है तथा किसानों द्वारा फसलों में प्रयोग किये जा रहे रासायनिक कीटनाशकों को पूर्णत: प्रतिबंधित कराने की प्रतिबद्धता जताई।कीटनाशक तत्व हमारे खाने के जीन्स में प्रवेश कर गए हैं जिस की वजह से भयंकर कैसर जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वैदिक विद्वान अग्निदेव शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में गुरुओं की अविद्वता के कारण साधारण मनुष्य धर्म और कर्म का अर्थ समझने और उसे आचरण में उतारने से वंचित हैं। समाज सेवी संदीप त्यागी (रसम), जगपाल सिंह (छाता मथुरा),ओम बीर सिंह वीरवाल,प्रमोद मित्तल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ प्रमोद सक्सेना, अशोक सागर,राजवती, माला शर्मा, महेश कुमार, देवेंद्र गोयल,सुशील शर्मा, रविन्द्र चाहर, गुड्डी चौधरी,डॉ मन मोह स्विच, यशराज मलिक, सुभाष गुप्ता, राजीव अग्रवाल, चमन सिंह, प्रमोद बंसल, तेनसिंह, शुभम त्यागी, भारत सिंह, हरबीर सिंह, चंचल जैन, विपिन अग्रवाल, आशा गोस्वामी, उषा चौहान, अनिल चौधरी,सीमा अग्रवाल,कृष्णेंदु रंजनी गुप्ता,विजय कसाना,हरीश नारंग एवं सुधीर आदि उपस्थित थे। सेवा सदन के संस्थापक चौधरी मंगल सिंह ने जन्मदिन पर मिले अपार स्नेह सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। शांति पाठ और प्रीतीभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान हेतु जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान हेतु एरिया डेवेलपमेन्ट प्लानिंग तथा जिला/स्थानीय स्तर की भूमिका तथा आपेक्षित उद्देश्य की प्राप्ति हेतु जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन इन्वेस्ट यूपी एवं रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर उ0प्र0 के अधिकारियों के साथ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा किया गया। तत्पश्चात श्री रमेश कुमार वर्मा उप सचिव, डी0पी0आई0आई0टी0 द्वारा पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी दी गई। डा0 पुष्पेन्द्र यादव, वैज्ञानिक आर0एस0सी0यू0पी0 द्वारा जिला स्तरीय ढॉचे तथा उसके तकनीकी पहलुओं पर लाइव प्रदर्शन भी किया गया। श्री विजय कुमार टी0एस0यू0 टीम इन्वेस्ट यूपी द्वारा पीएम गतिशक्ति राज्य मास्टर प्लान की प्रगति पर प्रस्तुतिकरण किया गया। अन्त में श्री अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समापन करते हुए उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में श्री श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग के साथ निम्नलिखित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे।

## अवैध शराब को कराया गया नष्ट



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना अगौता पुलिस द्वारा वर्ष 2023 व 2024 के निर्णयशुदा 88 मुकदमों से सम्बन्धित लगभग 1024 लीटर (कीमत करीब- 04 लाख 20 हजार रुपये) अवैध शराब (देशी व अंग्रेजी) को नष्ट कराया गया । इस दौरान कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी नगर श्री युवराज सिंह, अभियोन अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा, आबकारी निरीक्षक श्री संजय कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी अगौता श्री सोमनाथ राय व उ0नि0 पप्पू मलिक (एच एम0 अगौता) ,लिपिक कार्यालय श्रीमान अपर मुख्य न्यायाधीश (सी0डि0) के प्रियांशु व रवि खोकर व संबंधित कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई और बैठक में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत कुल 187 फाईलों का अनुमोदन प्रदान किया गया। शासन की अति महत्वपूर्ण योजना उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिसके माता-पिता किसी एक की मृत्यु अथवा दोनों की मृत्यु 1 मार्च 2020 से अब तक किसी भी कारण से हुई हो, उक्त योजनान्तर्गत रूपया 25 सौ रुपए प्रतिमाह बालक,बालिका की आयु 23 वर्ष पूर्ण होनें या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करनें में जो भी पहले हो देनें का प्रावधान है, उक्त योजनान्तर्गत कार्यक्रम में अंकित वर्मा उपजिलाधिकारी हापुड़, लवी त्रिपाठी उपजिलाधिकारी धौलाना, इला प्रकाश (डिप्टी कलेक्टर) जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी धौलाना, समरपाल सहायक विकास अधिकारी हापुड़, अविनाश सहायक विकास अधिकारी गढ़मुक्तेश्वर/सिम्भावली, जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी, रविन्द्र कुमार विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, हैदर अली, रिंकू सिंह आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 01 मानसिक रुप से कमजोर महिला को उसके परिजनों को तलाश कर, सुपुर्द किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। दिनांक 09.01.2025 को थाना नरौरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा नरौरा के मौ0 बनवारीगढ़ के एक मंदिर पर 01 मंदबुद्धि महिला घूम रही है। इस सूचना पर थाना नरौरा पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व मे आज दिनांक 09.01.2025 को गुमशुदा मंदबुद्धि महिला के परिजनों की तलाश कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया। गुमशुदा महिला को उनके परिजन को सुपुर्द करने पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा थाना नरौरा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है।
पुलिस टीम-1-श्रीमति रामनारायण सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना नरौरा। 2-उ0नि0 विष्णु चौधरी, उ0नि0 अभिषेक यादव, महिला उ0नि0 रिचा वर्मा। 3-का0 सुरेन्द्र डागर।

## ई-रिक्शा में भार व छत पर सवारी बिठाकर ले जाने पर वीडियो वायरल पर चालान के साथ सीज हुई ई रिक्शा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ ।ई-रिक्शा चालक द्वारा ई-रिक्शा पर क्षमता से अधिक भार ले जाने तथा ई-रिक्शा की छत पर सवारी बिठाकर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसका यातायात पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त ई-रिक्शा को सीज कर कुल 3 हजार रुपये का चालान किया गया है और हापुड़ पुलिस जनपद वासियों से अपील कि है ऐसा कोई कृत्य ना करें जो विधि विरुद्ध हो। आपको बता दें गुरुवार की सुबह सुबह हापुड़ में ई-रिक्शा चालक द्वारा यातायात नियमों की धज्जियां उड़ते हुए यातायात पुलिसकर्मियों को चकमा देते हुए हापुड़ के नवीन सब्जी मंडी से लेकर पक्का बाग,अतरपुरा व तहसील चौराहे से बुलंदशहर रोड को जाती हुई ई-रिक्शा में भार ले जाने के साथ छत पर सवारी को बैठाकर ले जातें हुए एच ई-4175 नंबर की ई रिक्शा की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी वीडियो वायरल का यातायात नियमों को उल्लंघन का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा उमेश कुमार नई मंडी अंबेडकर निवासी ई रिक्शा को सीज करते हुए 3 हजार रुपए का चलन किया गया है। बताते चलें हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह द्वारा यातायात पुलिस के लिए सख्त आदेश होने के बावजूद पूर्व में पुलिस क्षेत्रधिकारी यातायात स्तुति सिंह ने प्रभारी निरीक्षक यातायात उपदेश कुमार के साथ पुलिस अभियान चला करके ई रिक्शा वालों को सख्त आदेश दिए थे कि ई रिक्शा में कोई भी समान नहीं ले जाया जाएगा सिर्फ ई रिक्शा में सवारी ही बैठाई जाएगी उसके बावजूद ई रिक्शा वाले सरेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है नई मंडी से ई-रिक्शा में माल लाथ कर ले जाया जा रही ई-रिक्शा की छत पर सवारी बैठा रखी है शहर में कई चोपलौ को पार करके तहसील चौपला से बुलंदशहर रोड की तरफ जा रही ई-रिक्शा यातायात नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रही है लेकिन यातायात के अधिकारीयों ने किसी भी चौपले पर इस ई-रिक्शा को नहीं रोका था

## निलंबन की कार्रवाई पर पुन विचार कर शिक्षिकाओं ने पूर्व प्रधान पर गलत शिकायत करने का लगाया आरोप

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़। अमीपुर नंगौला स्थित प्राथमिक विद्यालय का मामला सामने आने पर शिक्षिकाएं बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंची और ज्ञापन सौंपकर पूर्व प्रधान पर गलत शिकायत कर फंसाने का आरोप लगाया। इस मामले में हापुड़ एसपी के नाम मांग पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि सुरेंद्र त्यागी व अभिषेक त्यागी निवासी ग्राम हमीरपुर नगोला हापुड़ द्वारा सरकारी विद्यालय में अनधिकृत प्रवेश कर प्रार्थीगणो के बिना अनुमति के वीडियो बनाना और उसे गलत तरीके से मिक्स कर मानहानि करना व झूठे आरोप लगाकर बदनाम करना,रंगदारी मांगना के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित कर विद्यालय आते-जाते समय जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर सरकारी कार्य और दायित्व में अवरोध के साथ बाधा उत्पन्न करने के साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी में डीएम द्वारा निलंबन की कार्रवाई पर पुन विचार करने की मांग उठाते हुए शिक्षिका पवन कुमारी व आरती कुमारी ने आरोप लगाया कि नंगौला निवासी पूर्व प्रधान काफी समय से उन्हें परेशान करता आ रहा है और बिन वजह विद्यालय में आकर वीडियो बनाते हैं व हर महीने पांच हजार रुपये की वसूली का भी दबाव बनाते हैं। उनकी मांगों को नहीं मानने पर पूर्व प्रधान बार बार आईजीआरएस व कार्यालयों में झूठी शिकायत करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस वीडियो क्लिप की शिकायत की गई है उसे भी एडिट किया गया है। विभागीय जांच को प्रभावित किया गया है। शिक्षिकाओं ने मामले की जांच कर, पूर्व प्रधान पर डीएम व एसपी से कार्रवाई की मांग उठाई है।

## प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 5,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त पप्पू पंडित पुत्र चन्दू शर्मा निवासी ग्राम धमेड़ा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-1995 में वादी राकेश पुत्र स्व0 फतेह सिंह निवासी ग्राम माकड़ी थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर के पिता की गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 24.08.1995 को थाना स्याना पर मुअसं- 161/1995 धारा 302, 34 भादवि पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र दिनांक 19.03.1996 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 01 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 10.01.2025 को न्यायाधीश श्री अभिमन्यु सिंह (मा0 न्यायालय एडीजे - 04 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त पप्पू पंडित को आजीवन कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री चन्द्रभान सिंह का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

## नगर भाजपा कार्यालय पर संविधान गौरव आभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बुलन्दशहर। नगर भाजपा कार्यालय पर संविधान गौरव आभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे नवनियुक्त नगर भाजपा मंडल अध्यक्षगणों का स्वागत भी किया गया जिसमें मेरा नरेन्द्र बंसल बुलंदशहर का भी रहना हुआ भाजपा ने तय कर लिया है जिस झूठ को फैलाकर कांग्रेस और सपा ने लोकसभा चुनावों में जनता को भ्रमित करने का काम किया था अब बस बहुत हो चुका है इससे ज्यादा विरोधी दल जनता को और भ्रमित नहीं कर सकते जनता भी समझ रही है कि यह सब कुछ विरोधी दलों की केवल साजिश मात्र थी जिस संविधान का झूठा सहारा लेकर कि भाजपा आरक्षण को खत्म कर देगी संविधान को बदल देगी वास्तव में यह सब कुछ झूठ के अलावा कुछ भी नहीं बार बार संविधान को बदलने का काम कांग्रेस ने ही किया है बाबा साहब डाक्टर भीम राव आंबेडकर जी को बार बार अपमानित करने का काम भी कांग्रेस ने ही किया है कांग्रेस और सपा दलितों वंचितों का आरक्षण काटकर एक धर्म विशेष को देना चाहती है भाजपा दलितों वंचितों के आरक्षण को उनका हक मानकर उन्हें लगातार जारी रखना चाहती है भाजपा संविधान निर्माता और संविधान का सम्मान करती है मोदी जी ने तो एक पब्लिक मीटिंग में खुले रूप मंच से कहा था कि जब तक मैं जिंदा हूं दलितों वंचितों के आरक्षण को कोई खत्म करना तो दूर इसे खत्म करने के बारे में सोच भी नहीं सकता आज जनपद बुलंदशहर में हर मंडल पर संविधान गौरव आभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया बताया गया कि सभी दलितों वंचितों की बस्ती में जाकर घर घर इस बात को समझाया जाय कि संविधान और लोकतन्त्र की रक्षा केवल भाजपा ही कर सकती है भाजपा जब भी संविधान में कोई बदलाव करती है तो वह जनहित में ही होता है जैसे 370 धारा 35ए को समाप्त किया गया जो जन हित में था कांग्रेस और सपा ने इसका पुरजोर विरोध किया आज भाजपा देश को विकसित बनाने की तरफ लगातार कदम बढ़ा रही है

## डीआईजी मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जनपद हापुड में निर्माणाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़ । डीआईजी मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जनपद हापुड में निर्माणाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया तथा थाना पिलखुवा का निरीक्षण करने के पश्चात कस्बा पिलखुवा में संवदेनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए। डीआईजी रेंज मेरठ द्वारा बताया गया कि निर्माणाधीन पुलिस लाइन 2026 तक बन कर तैयार हो जाएगी जिससे पुलिसकर्मियों की आवासीय समस्याएं दूर होगी। इसके अलावा डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा थाना पिलखुवा का निरीक्षण किया गया एवं सर्किल का अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं,महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की जहां पिलखुवा सर्किल में 6 माह से अधिक अवधि की 12 विवेचनाएं लंबित हैं, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं वांछितों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया। लंबित विवेचनाओं पर एसपी स्वयं संज्ञान ले। विवेचनाओं में गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन एवं नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत नियमानुसार साक्ष्यों को सम्मिलित करते हुए समय से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा रेंज स्तर पर चलाये जा रहे ऑपरेशन पहचान की समीक्षा की गयी एवं चिन्हित अपराधियों के सत्यापन हेतु थाना प्रभारी / क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया। ऑपरेशन एच एस की समीक्षा की गयी तो 10 या उससे अधिक मुकदमें वाले अपराधियों को चिन्हित कर सर्किल गढ़मुक्तेश्वर में किसी अपराधी की कोई एच एस खोला जाना नहीं पाया गया, जबकि सर्किल पिलखुवा में 2 एचएस खोली गयी है और हापुड़ नगर सर्किल में 5 एच एस खोली गयी हैं। इस संबंध में निर्देशित किया गया कि 10 या उससे अधिक मुकदमें वाले अपराधियों को चिन्हित कर सक्रियता के अनुसार हिस्ट्रीशीट खोली जाए। इसके अलावा 7 या उससे अधिक मुकदमे वाले अपराधियों को भी चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना पिलखुवा के साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी नूतन गौतम को उसकी कार्यकुशलता एवं साइबर के संबंध में जनमानस को जागरूक करने के लिए पुरस्कृत किया गया। थाना परिसर आगंतुक सुलभ बनाया जाए एवं थानों के बैरक, मैस, शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, भविष्य में किसी भी थाना परिसर में गंदगी मिली तो कार्यवाही होगी। गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेम, गौ तस्करी, वाहन चोर, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये। उसके उपरांत डीआईजी मेरठ द्वारा जनपद हापुड के थाना पिलखुवा क्षेत्र के कस्बा पिलखुवा के मेन बाजार आदि जगहों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। भ्रमण के दौरान जन संवाद स्थापित कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।इस दौरान कुंवर ज्ञान्जय सिंह पुलिस अधीक्षक हापुड, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, हापुड, क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र शर्मा, क्षेत्राधिकारी पिलखुवा एवं सर्किल पिलखुवा के चारों थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा श्रम विभाग के साथ मिलकर श्रम लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। बुलंदशहर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा श्रम विभाग के साथ मिलकर श्रम लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों के श्रम लाइसेंस न्यूनतम सरकारी फीस परआजीवन के लिए बनवाए गए श्रम विभाग से अनुराग त्रिपाठी ने पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का इस कैंप के लिए आभार व्यक्त किय जिला अध्यक्ष नरेश गोयल ने सभी व्यापारियों से अपील की अपना श्रम विभाग का लाइसेंस अवश्य बनवाएं ताकि भविष्य में सर्वे के दौरान किसी भी पेनल्टी का सामना न करना पड़े श्रम विभाग से शांतनु राजेश कश्यप, धीरेसशर्मा, व्यापार मंडल सेजिला महामंत्रीअनुराग अग्रवाल जिला सचिव सुमित महेश्वरी ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गोयल, जिला कोषाध्यक्ष अरुण गोयल, जिला उपाध्यक्ष अजय गोयल, हिमांशु गोय,ल जिला उपाध्यक्ष हितेश आनंद, जिला उपाध्यक्ष सुमित मित्तललाजपतपुरी अध्यक्ष दर्पण अरोड़ा, नगर मंत्री सुधांशु अरोड़ा, आदि व्यापारी मौजूद रहे

## विश्व हिंदी दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बुलन्दशहर। विश्व हिंदी दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई काव्य संकलनों के रचियता महाकवि देवेंद्र देव मिर्ज़ापुरी का 60 वां जन्मदिन भव्य रूप से मनाया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मंचासीन साहित्यकारों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आस्ट्रेलिया प्रवासी वरिष्ठ साहित्यकार विजय कुमार सिंह ने की तथा संचालन डॉ आलोक बेजान और संगीता अहलावत ने संयुक्त रूप से किया। युवा साहित्यकार राजकुमार शिशोदिया को शाल, प्रतीक व नकद सम्मान राशि प्रदान कर मंच की ओर से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कई काव्य संकलनों व पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती वंदना से डॉ कमल किशोर भारद्वाज ने किया। रमेश प्रसून, डॉ चेतन आनंद, ललित कुमार ललित, डॉ कमलेश संजीदा, सैयद अली अब्बास नौगांवी, राजेश गोयल, मक़सूद जालिब, दिव्य हँस दीपक, शुभ्रा पालिवाल, संगीता अहलावत, डॉ दिनेश शर्मा, मधु चतुर्वेदी, डॉ डी एस राजपूत बृजकण, हरित तौमर, अनिमेश अनिमेश शर्मा आतिश, रविंद्र चौहान हूस, संजीव नादान, अरविंद भाटी, ऐंन मीम कौसर, डॉ दिनेश शर्मा, यतेंद्र कटारिया, डॉ महंत सिंह लिखन्तु, प्रेम शर्मा प्रेम, बाबा बुलंदशहरी, इशिका इशू आदि ने अपना काव्य पाठ करके उपस्थित जनों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी कवि साहित्यकारों ने विश्व हिंदी दिवस और महाकवि देवेंद्र देव को जन्मदिन की बधाई के बाद ही अपना काव्य पाठ किया।

